कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।

(सी० एच० एरिया रोड नं० 1, जमशेदपुर–831001)

दूरभाष संख्या– 0657–2231017, फैक्स–0657–2231017, ई–मेल– dfo-jamshedpur@gov.in

पत्रांक: 2218 /जमशेदपुर   दिनांक: 21/09/2022

प्रेषक,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
जमशेदपुर वन प्रमण्डल,
जमशेदपुर।

सेवा में,

विमानपत्तन निदेशक,
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
बिरसा मुण्डा विमानपत्तन,
राँची।

विषय :– धालभूमगढ़ हवाईअड्डा के विकास हेतु 99.256 हेक्टर वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक 960 दिनांक 16.09.2022

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि पूर्व में विषयान्तर्गत प्रस्ताव के संबंध में की गई पृच्छाओं के निराकरण के संबंध में समर्पित अनुपालन प्रतिवेदनों के समयक जाँचोपरांत प्रस्ताव में पुनः त्रुटियां पाई गई है। पाई गई त्रुटियाँ निम्नवत् है :–

क्र० सं०	विसंगति	अनुपालन प्रतिवेदन
1.	समर्पित संशोधित Site Inspection Report में 45.403 हे० को Deemed forest land के रूप में दिखाया गया है, जबकि मूल प्रस्ताव के साथ समर्पित Land Schedule में उक्त 45.403 हे० भूमि को Disforested land के रूप में अंकित किया गया है। संशोधित Land Schedule समर्पित किया जाय जिस पर प्रयोक्ता अभिकरण एवं संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी का नाम सहित मुहर एवं हस्ताक्षर अंकित हो। इसे ऑनलाईन एवं ऑफलाईन समर्पित किया जाय।	संबंधित त्रुटि के निराकरण हेतु प्रस्तावित 45.403 हे० भूमि को Deemed Forest अंकित करते हुए संशोधित भूमि विवरणी (Land Schedule) सक्षम पदाधिकारी के मुहर एवं हस्ताक्षर के साथ Online एवं Offline समर्पित किया जाय।
2.	अंचलाधिकारी, धालभूमगढ़ द्वारा सत्यापित Land Schedule, जो Online uploaded है, में प्रस्तावित वन भूमि का रकवा 97.166 हे० अंकित है, जबकि प्रस्ताव के साथ Hard Copy में समर्पित सत्यापित Land Schedule में प्रस्तावित भूमि का रकवा 99.985 हे० (99.256 हे० वन भूमि + 0.729 हे० गैर वन भूमि) अंकित है। अतएव Online में सत्यापित Land Schedule को Update/Change करने की आवश्यकता है।	संबंधित त्रुटि के निराकरण हेतु पूर्व में अंचलाधिकारी, धालभूमगढ़ द्वारा सत्यापित Online Uploaded Land Schedule में आवश्यक संशोधन करते हुए वास्तविक प्रस्तावित 99.256 हे० वनभूमि एवं 0.729 हे० गैर वनभूमि कुल 99.985 हे० भूमि अंकित कर संशोधित Land Schedule समर्पित किया जाय। साथ ही इसे ऑनलाइन भी अपलोड किया जाय।

Scanned with CamScanner

3.	मूल प्रस्ताव के साथ कुल 106.00 हे० का KML Files समर्पित है, जबकि 99.256 हे० वन भूमि एवं 0.729 हे० गैर वनभूमि का कुल 99.985 हे० भूमि अपयोजन हेतु प्रस्तावित है। अतएव वनभूमि एवं गैर वनभूमि का अलग–अलग KML Files प्रस्तावित रकवा के आधार पर Online तथा CD के रूप में समर्पित किया जाय।	संबंधित त्रुटि के निराकरण हेतु प्रस्तावित 99.256 हे० वनभूमि एवं 0.729 हे० गैर वनभूमि कुल 99.982 हे० भूमि अपयोजन हेतु अलग–अलग KML File Online तथा CD के रूप में समर्पित किया जाय।
4.	मूल प्रस्ताव के साथ समर्पित Cost Benefit Analysis में प्रस्तावित वनभूमि का रकवा 97.166 हे० दर्शाया गया है एवं उसी रकवा के आधार पर Report में Calculations की गई है। इसमें सुधार अपेक्षित है, क्योंकि अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि का रकवा 99.256 हे० है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा निर्गत NPV revised rates दिनांक 06.01.2022 से प्रभावी है। अतएव Cost Benefit analysis में NPV दर के आधार पर की गई गणना को संशोधित किया जाना अनिवार्य है। वर्णित दोनों बिन्दुओं पर अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संशोधित Cost Benefit Analysis Report समर्पित किया जाय।	संबंधित त्रुटि के निराकरण हेतु लागत–लाभ विश्लेषण प्रतिवेदन में प्रस्तावित 99.256 हे० वनभूमि का रकवा अंकित कर तदनुसार भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्रांक FNO-5-3/2011-FC(VOI-I) दिनांक 06.01.2022 द्वारा निर्धारित पुनरीक्षित एन०पी०वी० राशि की गणना कर पुनरीक्षित लागत–लाभ विश्लेषण प्रतिवेदन समर्पित किया जाय।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित त्रुटियों का निराकरण करते हुए प्रतिवेदन Hard Copy में वांछित अभिलेखों सहित समर्पित किया जाय तथा इसे Online भी अपलोड किया जाय ताकि प्रस्ताव के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

21/09/2022

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
जमशेदपुर वन प्रमंडल,
जमशेदपुर।

Scanned with CamScanner